# नमो भारत कॉरिडोर की पटरियों पर पहली बार सोलर पैनल लगाए

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दुहाई स्थित नमो भारत डिपो में एक सोलर ऑन ट्रैक योजना की शुरुआत की है। सोलर पैनल डिपो परिसर में कॉरिडोर की पटरियों के बीच में लगाए गए हैं। ट्रेन के परिचालन को छोड़कर बिजली से जुड़े सभी कार्य सोलर पैनल से होंगे। दावा है कि देश यह में किसी भी आरआरटीएस या मेट्रो प्रणाली में अपनी तरह की पहली पहल हैपायलट योजना के अंतर्गत दुहाई स्थित नमो भारत डिपो में पिट व्हील ट्रैक पर सोलर पैनल्स लगाए गए हैं।

यहां लगभग 70 मीटर लंबे ट्रैक पर 550 वाट पीक के 28 सोलर पैनल लगाए गए हैं। इनकी कुल संयंत्र क्षमता 15.4 किलोवाट पीक है। इस पहल से अनुमान है कि हर साल लगभग 17,500



किलोवाट ऊर्जा पैदा होगी, जिसके परिणामस्वरूप हर साल 16 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना के साथ नमो भारत कॉरिडोर पर वर्षा जल संचयन प्रणालियों और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।